राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 03 अगस्त। राजस्थान सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश तथा परिवहन व सड़क सुरक्षा राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्रसिंह ओला ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्रीमती ममता भूपेश तथा श्री बृजेन्द्रसिंह ओला ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्री के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री वेदप्रकाश सोलंकी, सचिव श्री राजेन्द्र मूण्ड एवं श्रीमती शोभा सोलंकी मौजूद रही।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई सोमवार, दिनांक 08 अगस्त, 2022 को होगी। सोमवार, 08 अगस्त को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादीलाल मीणा तथा शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान जनसुनवाई करेंगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री हरिमोहन शर्मा, सचिव श्री निम्बाराम गरासिया एवं श्री राजेन्द्र यादव इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter